भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †1709**

उत्तर देने की तारीख- 05/12/2024

**प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना**

†1709. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:

श्री तापिर गाव:

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) की विशेषताओं और उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) योजना के अंतर्गत गांवों की पहचान के लिए अपनाए गए विशिष्ट मानदंड क्या हैं;

(ग) इस योजना के अंतर्गत पहचान किए गए गांवों की संख्या का राज्य-वार, विशेष रूप से मध्य प्रदेश के खरगोन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बड़वानी जिले और छत्तीसगढ़ में जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) योजना के अंतर्गत लक्षित विशिष्ट अवसंरचना सुधार/विकास का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (घ):** चयनित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 50% जनजातीय आबादी और 500 अनुसूचित जनजातियों वाले पात्र गांवों के एकीकृत विकास के लिए अभिसरण दृष्टिकोण के माध्यम से विकास गतिविधियों को शुरू करने हेतु सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई)' शुरू की गई थी। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा इस योजना के तहत प्रति गांव 20.38 लाख रुपये (36,428 गांवों के लिए 7276 करोड़ रुपये) की राशि निर्धारित की गई थी और राज्यों को क्षेत्रीय केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकार द्वारा क्षेत्रीय केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के पास उपलब्ध केंद्रीय एसटीसी (अनुसूचित जनजाति घटक) और राज्य टीएसपी (जनजातीय उप-योजना) निधियों के अभिसरण के साथ ग्राम विकास योजना बनाना अपेक्षित था। ग्रामीण विकास योजना (वीडीपी) का उद्देश्य प्रत्येक चयनित गांव में अंत्योदय मिशन के माध्यम से चिन्हित बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क (मोबाइल / इंटरनेट), स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप-केंद्र, पेयजल और बिजली से संबंधित अंतरों को दूर करना है। अब तक 17,656 वीडीपी अनुमोदित किए गए हैं और आज तक जारी की गई कुल निधियों की राशि 2357.50 करोड़ रुपये है।

मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के अंतर्गत पहचाने गए गांवों की संख्या 493 है। योजना के तहत पहचाने गए गांवों की संख्या का राज्य-वार विवरण **(अनुलग्नक – I)** के अनुसार है और छत्तीसगढ़ राज्य का जिले-वार विवरण **(अनुलग्नक – II)** के अनुसार है।

पीएम जनमन की सफलता से प्राप्त जानकारी के आधार पर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) शुरू किया गया है, जो पीएमएएजीवाई के तहत कवर किए गए गांवों सहित 63000 से अधिक गांवों को कवर करेगा, जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के **अनुलग्नक-III** में दिए गए गांव भी शामिल हैं।

राज्य सरकार को इन गांवों को डीए-जेजीयूए के तहत कवर करने की सलाह दी गई है, जो संबंधित मंत्रालयों और राज्य विभागों के प्रमुख उपायों के लिए निधियों के समर्पित अभिसरण और संतृप्ति के साथ पीएमएएएजीवाई का अधिक संरचित संस्करण है। इसमें संबंधित मंत्रालयों/विभागों की विशिष्ट योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से बहु-क्षेत्रीय उपायों के लिए समर्पित निधियां प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। पीएमएएजीवाई में आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। इस मिशन के शुभारंभ के साथ, पीएमएएजीवाई के तहत जिन अंतरों को दूर नहीं किया जा सका था, उनको डीए-जेजीयूए के तहत निष्पादित किया जाना संभव है।

**अनुलग्नक I**

श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, श्री तापिर गाव और श्री गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा उठाए गए **लोक सभा अतारांकित प्रश्न †1709 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

पीएमएजीवाई के तहत राज्य-वार कुल चिन्हित गांव

| क्र.सं. | राज्य का नाम | कुल वीडीपी |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 517 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 141 |
| 3 | असम | 1700 |
| 4 | बिहार | 184 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 4029 |
| 6 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 55 |
| 7 | गोवा | 21 |
| 8 | गुजरात | 3764 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 90 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 434 |
| 11 | लद्दाख | 0 |
| 12 | झारखंड | 3891 |
| 13 | कर्नाटक | 507 |
| 14 | केरल | 6 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 7307 |
| 16 | महाराष्ट्र | 3605 |
| 17 | मणिपुर | 254 |
| 18 | मेघालय | 836 |
| 19 | मिजोरम | 344 |
| 20 | नागालैंड | 530 |
| 21 | ओडिशा | 1653 |
| 22 | राजस्थान | 4302 |
| 23 | सिक्किम | 62 |
| 24 | तमिलनाडु | 167 |
| 25 | तेलंगाना | 533 |
| 26 | त्रिपुरा | 375 |
| 27 | उत्तराखंड | 64 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 183 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 874 |
| **कुल** | | **36428** |

श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, श्री तापिर गाव और श्री गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा उठाए गए **लोक सभा अतारांकित प्रश्न †1709 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**छत्तीसगढ़ राज्य में चिन्हित गांवों का जिला-वार विवरण**

| जिले का नाम | गांवों की संख्या |
|---|---|
| बलरामपुर | 53 |
| बस्तर | 509 |
| बीजापुर | 103 |
| बिलासपुर | 226 |
| दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | 256 |
| धमतरी | 80 |
| दुर्ग | 133 |
| जांजगीर-चांपा | 33 |
| जशपुर | 336 |
| कबीरधाम | 68 |
| कोंडागांव | 91 |
| कोरबा | 287 |
| कोरिया | 169 |
| महासमुंद | 60 |
| नारायणपुर | 47 |
| रायगढ़ | 237 |
| रायपुर | 121 |
| राजनंदगांव | 163 |
| सूरजपुर | 30 |
| सरगुजा | 796 |
| उत्तर बस्तर कांकेर | 231 |
| कुल | **4029** |

अनुलग्नक III

**श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, श्री तापिर गाव और श्री गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न †1709 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत राज्य-वार गांव**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | जिले की संख्या | ब्लॉक की संख्या | गांवों की संख्या | कुल जनसंख्या | अनुसूचित जनजाति जनसंख्या | अनुसूचित जनजाति % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 18 | 107 | 878 | 1113652 | 655450 | 58.86 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 23 | 84 | 329 | 272750 | 230896 | 84.65 |
| 3 | असम | 32 | 147 | 3161 | 2779667 | 2124774 | 76.44 |
| 4 | बिहार | 24 | 74 | 771 | 1783928 | 407136 | 22.82 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 32 | 138 | 6691 | 6967289 | 4909442 | 70.46 |
| 6 | गोवा | 2 | 9 | 25 | 47144 | 34105 | 72.34 |
| 7 | गुजरात | 21 | 102 | 4265 | 7675215 | 6605912 | 86.07 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 10 | 26 | 270 | 170351 | 117040 | 68.71 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 112 | 393 | 792087 | 502935 | 63.49 |
| 10 | झारखंड | 24 | 231 | 7139 | 7044011 | 4976859 | 70.65 |
| 11 | कर्नाटक | 28 | 129 | 1089 | 1975186 | 805566 | 40.78 |
| 12 | केरल | 4 | 9 | 89 | 1322280 | 219524 | 16.60 |
| 13 | लद्दाख | 2 | 30 | 143 | 163981 | 155238 | 94.67 |
| 14 | लक्षद्वीप | 1 | 2 | 2 | 9868 | 9322 | 94.47 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 51 | 267 | 11377 | 13186399 | 9323125 | 70.70 |
| 16 | महाराष्ट्र | 32 | 214 | 4975 | 6347798 | 4694682 | 73.96 |
| 17 | मणिपुर | 13 | 57 | 516 | 666137 | 629332 | 94.47 |
| 18 | मेघालय | 12 | 53 | 1437 | 1183736 | 1135901 | 95.96 |
| 19 | मिजोरम | 11 | 26 | 383 | 414444 | 400652 | 96.67 |
| 20 | नागालैंड | 16 | 74 | 608 | 956721 | 915742 | 95.72 |
| 21 | ओडिशा | 27 | 234 | 7667 | 7042261 | 4815670 | 68.38 |
| 22 | राजस्थान | 30 | 208 | 6019 | 7655043 | 5537444 | 72.34 |
| 23 | सिक्किम | 6 | 26 | 119 | 123635 | 72682 | 58.79 |
| 24 | तमिलनाडु | 16 | 36 | 248 | 489153 | 303711 | 62.09 |
| 25 | तेलंगाना | 30 | 230 | 924 | 1691305 | 1150538 | 68.03 |
| 26 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 2 | 2 | 76 | 203454 | 147290 | 72.39 |
| 27 | त्रिपुरा | 8 | 52 | 392 | 988452 | 828393 | 83.81 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 26 | 47 | 517 | 1183202 | 311488 | 26.33 |
| 29 | उत्तराखंड | 7 | 15 | 128 | 209384 | 88723 | 42.37 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 21 | 170 | 3212 | 3974631 | 1707342 | 42.96 |
|  | **कुल योग** | **549** | **2911** | **63843** | **78433164** | **53816914** | **68.61** |

*****